हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, रविवार, 20 अक्टूबर, 2024



14 किसानों के हंगामे के बाद कंपनी के अधिकारी मौके से खिसके...





14 विहिप ने सामूहिक मेहंदी कार्यक्रम किया आयोजित




## खबर संक्षेप

### अब तक 1.61 लाख एमटी धान की हुई खरीद

**फतेहाबाद।** जिला में अब तक 11712 किसानों की एक लाख 61 हजार 789 मीट्रिक टन धान फसल की खरीद हुई है, जिसमें से फूड सप्लाई ने 1715 किसानों की 28 हजार 263 मीट्रिक टन, हैफेड ने 5411 किसानों की 66 हजार 946 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी ने 4586 किसानों की 66 हजार 580 मीट्रिक टन धान की फसल की खरीद की है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि इसके साथ ही मंडियों से धान फसल का उठान कार्य भी किया जा रहा है। जिला में अब तक 76 हजार 616 मीट्रिक टन धान फसल का उठान किया जा चुका है, जिसमें फूड सप्लाई ने 17 हजार 908 मीट्रिक टन, हैफेड ने 26 हजार 73 मीट्रिक टन तथा एचडब्ल्यूसी ने 32 हजार 635 मीट्रिक टन धान की फसल का उठान किया है।

### फतेहाबाद जिले से दो युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के एक युवक ने कहा कि उसकी 19 साल की लडक़ी गत दिवस रात करीब 2 बजे घर पर बिना बताए कहीं चली गई है और वापस घर नहीं लौटी है।

### बच्चों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का जोहर

**चोपटा।** चौधरी केआरएम गल्र्स कॉलेज जमाल में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं की छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन राजेश कुमार, निदेशक वेदप्रकाश गुप्ता, प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह, डॉ. जसवीर सिंह जाखड़ ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। मेहंदी प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की खुशबू ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की वर्षा ने द्वितीय तथा एमए हिंदी द्वितीय वर्ष व बीए प्रथम वर्ष की पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### शनिदेव के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**सिरसा।** श्री शनि महाराज की विशेष अनुकंपा से गांव चौबुर्जा के नव निर्माण शनिदेव मंदिर में 11वां विशाल जागरण और भंडारे का आयोजन किया गया। सुनील अग्रवाल ने बताया कि चौबुर्जा के नव निर्माण शनिदेव मंदिर में शिवालय पर दूध व जल अभिषेक शुरू हुआ और साढ़े 7 बजे शनि शिला पर अखंड तेल धारा आरंभ की गई। सवा 8 बजे मंदिर प्रांगण में हवन किया गया और सवा 10 बजे भंडारे का आयोजन किया गया। उसके बाद शनिदेव की कृपा से विशाल जागरण शुरू हुआ जिसमें गायक कलाकार संदीप जसोरिया, रितु राठौर, दर्शन खुंडिया, जगदीश मित्तल और वायरल बच्चे दिलखुश द्वारा भजनों के माध्यम से शनि महिमा का गुणगान किया गया। कलाकारों ने भजनों से जागरण में आए हजारों भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### परिजनों को नशीली दवा खिलाकर विवाहिता गायब

**ओढां।** गांव चोरमार से एक विवाहिता घरवालों को भोजन में नशीली दवा खिलाकर नगदी व आभूषण चुराकर घर से गायब हो गई। महिला के पति ने ओढ़ा पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि मेरी शादी को करीब 4 साल हो चुके है। बीती 17 अक्टूबर की रात को उसकी धर्मपत्नी बिना बताए घर से कही चली गई। परिवार ने आस पडोस मे तलाश की लेकिन उसका कोई पता नही चला। मेरी भांजी उम्र करीब 8 साल जोकि मेरे पास रहकर पढाई कर रही है उसने बताया है कि मामी ने शाम को घर के बाहर रखे कुंडे के नीचे से गोलियां मेरे से उठवाई थी।

---

**करवा चौथ : आज रात सुहागिनें करेंगी अपने 'चांद का दीदार'**

# करवा चौथ पर पूजा के लिए दो मुहूर्त शुभ, 7:54 के बाद ही होंगे चन्द्रदर्शन



**सिरसा।** करवाचौथ व्रत को लेकर हाथों में मेहंदी रचवाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### कॉस्मेटिक्स की दुकानें, साड़ी के शोरूम, ज्वेलरी के शोरूम के साथ हलवाइयों की दुकानों पर भी जुटी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** करवा चौथ पर बिक रही कपल की फोटो लगी थाली और इनसेट में पंडित सोनू शर्मा। फोटो : हरिभूमि

- सभी सुहागिने अपने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखेंगे, 13 घंटे 29 मिनट तक व्रत करना होगा

अखंड सौभाग्य का व्रत करवा चौथ का पर्व रविवार को मनाया जा रहा है। इस दिन सभी सुहागिने अपने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखेंगी। देर शाम चांद निकलने के बाद उनकी पूजा अर्चना होगी। यह व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाया जाता है। इस त्यौहार को लेकर शनिवार को फतेहाबाद के बाजारों में खूब चहल-पहल रही। शहर के थाना रोड, चार मरला कालोनी में कॉस्मेटिक्स की दुकानें, साड़ी के शोरूम, ज्वैलरी के शोरूम के साथ-साथ हलवाईयों के भी यहां काफी भीड़ जुटी। चार मरला कालोनी में सुहागिनों को मेहंदी लगाने की विशेष व्यवस्था की गई थी, जहां पर महिलाओं के साथ-साथ लड़कियों ने भी हाथों पर मेहंदी सजवाई। करवा चौथ पर विशेष रूप से राजस्थान से सजी हुई पूजा थाली, आकर्षक छलनी, कपड़ों की दुकानों पर लाल साड़ी, लहंगा और लाल रंग की चूड़िय़ों के अलावा इस बार करवा चौथ की दम्पति की फोटो लगी थाली की की बाजार में ज्यादा मांग है। संन्यास आश्रम रोड स्थित यश स्टूडियो के संचालक गौरव असीजा ने कहा कि अब तक वह ऐसी सैंकड़ों थालियों की सेल कर चुके हैं। महिलाओं में इस बार इस थाली को लेकर काफी क्रेज है। खासकर नए कपल में।

**करवा चौथ पूजा का शुभ मुहूर्त :** श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी सोनू शर्मा के अनुसार करवा चौथ का व्रत कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस बार चतुर्थी तिथि की शुरुआत 20 अक्टूबर यानी रविवार सुबह 6 बजकर 46 मिनट पर होगी और तिथि का समापन 21 अक्टूबर सोमवार को सुबह 4 बजकर 16 मिनट पर होगा। वहीं, करवा चौथ के लिए दो पूजन मुहूर्त मिलेंगे पहला अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 43 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 28 मिनट तक रहेगा और फिर, दोपहर 1 बजकर 59 मिनट से लेकर 2 बजकर 45 मिनट तक विजय मुहूर्त रहेगा। इस बार पूजा के लिए उत्तम समय 1 घंटे 16 मिनट तक है। सुहागिन महिलाएं सूर्योदय के साथ ही व्रत की शुरुआत कर सकती हैं। सूर्योदय का समय 6:25 है। इस बार महिलाएं को 13 घंटे 29 मिनट तक ये व्रत करना होगा। पूजा का समय शाम को 5:40 से लेकर 7:02 तक रहेगा, इस समय सुहागिन महिलाएं पूजा संपन्न कर सकती हैं। पुजारी सोनू शर्मा के अनुसार इस समय पूजा करने से कई गुना ज्यादा फल मिलता है। इसके बाद चांद निकलने का समय 7:54 का रहेगा। इस समय चंद्रमा को अघ्र्य दिया जा सकता है। उसके बाद पति के हाथों से व्रत का पारण महिलाएं कर सकती हैं। बता दें कि सभी शहरों में अलग-अलग समय पर चांद दिखाई देता है।

### द्रोपदी ने पांडवों को संकट से बचाने के लिए रखा था करवा चौथ का व्रत

पौराणिक कथाओं और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता पार्वती ने भी करवाचौथ का व्रत शिवजी के लिए किया था। इसके अलावा महाभारत काल में द्रौपदी ने भी पांडवों को संकट से बचाने के लिए करवा चौथ का व्रत किया था। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से पति-पत्नी का राशि मजबूत होता है, दोनों के बीच प्रेम बढ़ता है। करवा चौथ व्रत में भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय और भगवान की विधि विधान के साथ पूजा की जाती है। रात को चन्द्रदर्शन और उनके अघ्र्य देने के बाद व्रत खोला जाता है। मान्यता है कि इस दिन विधिवत पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### करवा चौथ के उपलक्ष्य पर लगाई मेंहदी

**सिरसा।** लार्ड शिवा कालेज आफ फार्मेसी में करवा चौथ त्यौहार के उपलक्ष्य पर मेंहदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रिंसिपल प्रो.जितेद्र सिंह ने रिबन काट कर किया। इस कार्यक्रम में फार्मेसी, नर्सिंग व डीएमएलटी की छात्राओं ने एक दूसरे को मेंहदी लगाई। इसके अलावा संस्थान की सभी महिला प्राध्यापिकाओं ने भी एक-दूसरे को मेंहदी लगाई और करवा चौथ पर्व की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम की संयोजक आरती नरूला एवं हरविंद्र कौर थे। इस मौके पर सुधांशु पांडे, गजल धमीजा, दीक्षा कटारिया, दीक्षा, मनोज, शुभम, रीना कंबोज, बलजीत कौर, डिंपल, जतिनप्रीत कौर, सुमन, हेमा रानी, आस्था मिश्रा, पिंकी, सहित सभी स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं मौजूद थे।

### करवाचौथ को लेकर बाजारों में रौनक

- महिलाओं में लगी सजने संवरने की होड़

**सिरसा।** पति की दीर्घायु की कामना को लेकर करवाचौथ के व्रत को लेकर महिलाओं ने शनिवार को बाजार में जमकर खरीददारी की। इससे बाजारों में खूब चहल पहल रही। शनिवार सुबह से ही बाजारों में खूब रौनक थी। महिलाएं बाजार में करवाचौथ पर्व को लेकर खरीददारी में जुटी हुई थी। मोहता मार्केट बाजार में मेहंदी लगाने वालों के यहां महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही। महिलाओं में हाथों पर मेहंदी रचाने की होड लगी हुई थी। बाजार में मेहंदी रचाने वाले अजय, विकास, सुनीता, राजू, मीरा आदि ने बताया कि बाजार में आज महिलाओं की भीड़ सबसे ज्यादा है। उन्होंने बताया कि बाजार में इस समय हाथ पर मेहंदी रचाने के वह दो सौ रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक ले रहे हैं। उसका कहना है कि दिनभर में वह कम से कम चालीस हाथों पर मेहंदी रचा देगा। बाजार में तीस के करीब मेहंदी रचाने वाले बैठे हुए थे। सबसे ज्यादा भीड़ चूडिय़ों की दुकान पर थी। चूड़ी भंडारों पर महिलाएं सुहाग का प्रतीक चूड़ी, बिंदी, नेलपॉलिश, सिंदूर, लाख की चूडियां आदि खरीदने के लिए महिलाओं में होड़ मची हुई थी। जैन ने बताया कि मंदी का असर इस बार करवाचौथ के त्यौहार पर भी पड़ा है। जैन ने बताया कि उनके पास सौ रुपये से लेकर दो हजार रुपए तक की चूडिया है लेकिन महिलाएं इस बार ज्यादा महंगी चूडिया न खरीदकर बजट के हिसाब से ही खरीददारी कर रही है। आर्टीफिशियल ज्वैलरी की दुकानों पर भी महिलाओं की खासी भीड़ थी, जिन्हे मंगलसूत्र, चूड़ी, टीका, बिछुआ, पाजेब और अन्य सुहाग के प्रतीक आभूषणों की खरीदते हुए देखा।

---

## चारपाई के पावे से हमला कर युवक ने मां को मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव मोहम्मदपुर रोही में एक युवक ने अपनी मां पर चारपाई के पाये से हमला कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद युवक मौके से फरार हो गया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मोहम्मदपुर रोही निवासी जगजीवन सिंह ने कहा है कि उसके भाई राम सिंह की मृत्यु हो गई थी। उसके दो लड़के सोनू व रवि शराबी किस्म के युवक है और दोनों खेत में मकान में रहते हैं। उसकी भाभी 50 वर्षीय नसीब कौर उनसे अलग गांव में किराये के मकान में रहती है। सोनू व रवि की पत्नियां कृष्णा व सोनिया भी बच्चों के साथ नसीब कौर के पास गांव में ही रहते हैं। जगजीवन ने कहा कि अब कृष्णा व सोनिया दोनों कपास चुगाई के लिए गुजरात गई हुई है। सोनू अपनी मां नसीब कौर को बार-बार कहता था कि वह उसकी पत्नी को उनके साथ नहीं रहने देती। वह अक्सर अपनी मां को जान से मारने की धमकी देता था। जगजीवन ने कहा कि गत दिवस सोनू अपनी मां को अकेला देखकर उसके घर में घुस गया और अपने हाथ में लिए चारपाई के पाये से नसीब कौर के सिर पर कई वार कर दिए। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के लोग वहां पहुंचे तो सोनू मौके से फरार हो गया।

## धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल खरीदनी चाहिए : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष ने फतेहाबाद अनाज मंडी में लिया धान खरीद का जायजा



**फतेहाबाद।** व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग अनाज मंडी में धान खरीद का जायजा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने शनिवार को फतेहाबाद अनाज मंडी में धान खरीद का जायजा लेने के उपरांत कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घोषणा की थी कि हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने पर 10 अक्टूबर से किसान का धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी जाएगी। मुख्यमंत्री को अपने वादे के अनुसार किसान की धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि धान का एमएसपी 2320 रुपए है मगर किसान का धान एमएसपी से कम रेटों में बिक रही है। किसान अपनी धान बेचने के लिए एक महीने से मंडियों में धक्के खा रहा है। सरकार के धान खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं। सरकार को अपने वादे के अनुसार 72 घंटे में धान की खरीद, उठाने व भुगतान करना चाहिए। सरकार को धान खरीद पर किसान को 300 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को पराली जलाने के रोक थाम के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। सरकार को किसान को हैप्पी सीडर मशीनों पर 100 प्रतिशत सब्सिडी देनी चाहिए और सरकार को पराली की सरकारी खरीद करनी चाहिए जबकि पराली गता, प्लाईवुड फैक्ट्री व गौशाला में भारी तादाद में उपयोग भी होती है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा धान, गेंहू व बाजार पर आढ़तियों का कमीशन कम करने पर व्यापारियों में भारी नाराजगी है जबकि 30 सालों से हर अनाज खरीद पर 2.5 प्रतिशत आढ़तियों को कमीशन मिलता आ रहा था जबकि 30 सालों में महंगाई तो कई गुणा बढ़ गई मगर आढ़तियों की आढ़त बढ़ाने की बजाएं सरकार ने आढ़तियों की आढ़त कई अनाज पर खत्म कर दी व कम कर दी जो उचित नहीं है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर अनाज मंडी प्रधान जगदीश जादू,अग्रोहा धाम वैश्य समाज जिला प्रधान सुरेंद्र मित्तल, रमेश नागपाल, व्यापार मंडल प्रदेश सचिव श्यामसुंदर बंसल, उप प्रधान मक्खन जिंदल, सदस्य संदीप सिंगला, अजीत सिंह, बद्री प्रसाद गर्ग, अजय रोज आदि व्यापारी व किसान प्रतिनिधि मौजूद थे।

### मेहंदी प्रतियोगिता में पायल ने मारी बाजी

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार को मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रीत कौर ने बताया कि मेहंदी लगाना एक कला है। वर्तमान समय में मेहंदी के अलग-अलग डिजाइनों का रूप धारण कर लिया है। भारतीय परंपरा और त्योहारों में मेहंदी का बहुत महत्व है इसके बिना कोई भी त्यौहार पूरा नहीं हो सकता। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय समाज और कला के प्राथमिक प्रतीक मेहंदी के महत्व से अवगत करवाना था। उन्होंने बताया कि मेहंदी को पवित्र, सौभाग्यशाली और सुंदरता के साथ स्वास्थ्य का वर्धन करने वाला भी माना गया है। मेहंदी से त्वचा संबंधी रोग तथा खुश्की दूर होती है। महाविद्यालय की छात्राओं ने बहुत ही सुंदर-सुंदर डिजाइनों में मेहंदी लगाकर अपनी कला को प्रदर्शित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. किरण कालरा, प्रो. अंकिता मोंगा, डॉ .रूपिंद्र कौर व प्रो. सविता ने निभाई। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर पायल, दूसरे स्थान पर हरप्रीत कौर व तीसरे स्थान पर शुभमीन रही। अंत में प्राचार्य प्रो. रामकुमार जांगड़ा ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और इनाम राशि देकर सम्मानित किया गया।

## अग्रोहा टीले की खुदाई का काम शुरू न करने से वैश्य समाज में भारी रोष



**सिरसा।** पत्रकारों से बातचीत करते बजरंग गर्ग।

**सिरसा।** अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश के व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग लेने के उपरांत निजी होटल में पत्रकार वार्ता में कहा कि अग्रोहा धाम में 10 नवंबर को विशाल वार्षिक मेला लगेगा। जिसमें देश के कौने-कौने से लाखों लोग भाग लेंगे। अग्रोहा धाम में 30 करोड़ रुपए की लागत से महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर दो संग्रहालय बनाए गए हैं और 1300 सेटिंग का ऑडिटोरियम बनाया गया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 125 एकड़ में जो महाराजा अग्रसेन जी का महल था, जो टीले के रूप में बदल चुका है। सरकार ने अग्रोहा टीले की खुदाई करवाने की घोषणा करने के बावजूद अभी तक खुदाई का काम शुरू ना करने से वैश्य समाज में रोष है। सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार तुरंत प्रभाव से टीलें की खुदाई का काम शुरू करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार ने वार्षिक बजट में हिसार, अग्रोहा, सिरसा को रेलवे लाइन से जोडने का वार्षिक बजट में प्रस्ताव पास करने के बावजूद भी काम शुरू ना करने से जनता में भारी नराजगी है, जबकि अग्रोहा धाम में हजारों लोग हर रोज दर्शन के लिए आते हैं और लगभग 3 हजार मरीज अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में हर रोज ईलाज के लिए आते हैं, मगर सरकार की तरफ से अग्रोहा में रेलवे लाईन व अन्य सुविधा ना होने के कारण आने वाले यात्रियों को बड़ी-बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अग्रोहा में इंडस्ट्रीज जोन व टैक्सटाइल हब बनाना चाहिए, अगर सरकार अग्रोहा में इंडस्ट्रीज जोन व टैक्सटाइल हब बनती है तो हजारों अग्रोहा धाम से जुड़े हुए उद्योगपति अग्रोहा में पूंजी निवेश करने के लिए तैयार है। अग्रोहा में इंडस्ट्रीज लगाने से लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा जबकि अग्रोहा धर्म नगरी है और महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी थी।

---

**नशा मुक्त घोषित गांवों के सरपंचों तथा सामाजिक संगठनों ने लिया हिस्सा**

# पुलिस ने शहर में रैली निकाल नशे के खिलाफ किया जागरूक

- नशा स्वस्थ समाज के लिए एक अभिशाप जोकि एक चिंता का विषय : पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** एसपी नशा मुक्त घोषित 119 गांवों के सरपंचों तथा सामाजिक संगठनों के साथ शहर में रैली निकाल आमजन को नशे के खिलाफ जागरुक करते हुए।

जिला पुलिस नशे के खिलाफ अपने स्तर पर लगातार अभियान चलाए हुए हैं, परंतु इस अभियान की संपूर्ण सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है तथा नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन चलाने की जरुरत है। यह बात पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने सीडीएलयू के ऑडोटोरियम सभागार में जिला पुलिस द्वारा नशामुक्त घोषित किए गए 119 गांवों के सरपंचों, सरपंच प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम के बाद पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में नशा मुक्त घोषित गांवों, वार्डो तथा विभिन्न सगंठनों द्वारा शहर के परशुराम चौक, भगत सिंह चौक, घंटाघर चौक, पटेल चौक तथा रानियां चुंगी सहित अनेक क्षेत्रों में रैली निकाल कर आमजन को नशे के खिलाफ जागरुक किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा स्वस्थ समाज के लिए एक अभिशाप है जोकि एक गंभीर चिंता का विषय है, इसलिए समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त करने के लिए सभी लोगों को मिलकर एक बड़ा सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब समाज का प्रत्येक नागरिक अपनी गली, मोहल्ले तथा गांव की पूरी जिम्मेदारी लेगा तभी हम इस अभियान में पूरी तरह से कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यह प्रण लेना होगा कि न तो व स्वयं नशा करेगा और न ही अपने आस-पास के लोगों को नशा करने देगा। जिला पुलिस जहां नशा तस्करों की लगातार धर-पकड़ कर रही है, वहीं सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में अवगत करवाकर उन्हें लगातार जागरुक भी कर रही है।

### 119 गांव तथा शहर हुए नशा मुक्त

ग्राम पंचायतों तथा आमजन के सहयोग से अब तक जिला के 119 गांवों तथा शहर सिरसा के 4 वार्ड नशा मुक्त हो चुके हैं। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में ग्राम पंचायतों, सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं का सहयोग लेकर नशे के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर सभी सामाजिक संस्थाओं, यूथ क्लबों तथा आमजन से आह्वान किया है कि वे नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि इस अभियान को सफलता के शिखर तक ले जाया जा सके। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि गैरकानूनी धंधा करने वालों तथा नशा बेचने वालों की सूचना बिना किसी भय के ड्रग्स हेल्पलाइन नंबर 88140-56100 व 88140-11620 पर व्हाट्सएप या एसएमएस के माध्यम से भी दी जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशा तस्करों को संरक्षण देने वालों तथा उनकी पैरवी करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे की काली कमाई से तस्करों द्वारा अर्जित की गई संपत्ति को चिन्हित कर लिया गया है और जल्द ही उनकी संपति को जब्त किया जाएगा।

### रतिया में कंबोज समाज की अहम बैठक आज

**रतिया।** कंबोज समाज की अहम बैठक 20 अक्तूबर रविवार को बुढ़लाडा रोड स्थित शहीद उधम सिंह कंबोज धर्मशाला में प्रात 10 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में विधानचुनाव में कंबोज समाज का एक भी विधायक न बनना, समाज को संगठित करने, समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने सहित अनेक मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी। कंबोज समाज के प्रवक्ता ने बताया कि हर क्षेत्र में सक्षम होने के बावजूद भी हाल ही में संपन्न में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में कंबोज समाज का एक भी विधायक न बनना बड़ा ही अफसोजनक व चिंता का विषय है। इस विषय पर गहन समीक्षा करने के साथ समाज को संगठित करने व सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए अहम बठक 20 अक्टूबर को रतिया स्थित शहीद उधम सिंह कंबोज धर्मशाला में आयोजित की जाएगी।

# मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प

# एक साल में 56% तक रिटर्न

● शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद भी बढ़िया रिटर्न देने में अव्वल ● म्यूचुअल फंड के जरिये संतुलित निवेश करने से नहीं होती परेशानी ● लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता, लक्ष्य तक पहुंचाता है

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में उथल पुथल के बावजूद मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प बनकर उभर रहे हैं और निवेशकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। मल्टीकैप फंडों ने एक साल में 56% तक का रिटर्न दिया है। इससे एसआईपी के जरिये निवेश करने वालों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इन फंडों में निवेश के लिए जरूरी है थोड़ा सा संयम के साथ निवेश किया जाए और अपने वित्तीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए धीरे-धीरे एसआईपी के जरिये पैसे लगाएं। इससे आसानी निवेश को बढ़ा पाएंगे। मल्टीकैप फंड बिकवाली के दौर में ग्रोथ पर रहे हैं। पिछले छह कारोबारी दिनों में निवेशकों के करीब 20 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके हैं। ऐसे में रिटेल इनवेस्टर्स परेशान हैं। हां, जिन्होंने म्यूचुअल फंड में निवेश किया और संतुलित निवेश करने वाले फंड में पैसे लगाए हैं, वे बेफिक्र हैं। चूंकि कहा भी गया है कि लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता और आसानी से निवेश के लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसलिए बाजार के जानकार सुझाव देते हैं कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं।



### संतुलित निवेश कहां

पर्सनल फाइनेंस के जानकारों का कहना है कि संतुलित निवेश के लिए मल्टीकैप फंड एक बेहतर साधन हो सकता है। यह एक ऐसी स्कीम है जो सभी मार्केट कैप मतलब कि लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप में निवेश करती है। बाजार की गिरावट में जहां लार्ज कैप शेयर सुरक्षा प्रदान करते हैं वहीं मिड और स्मॉल कैप शेयर फायदा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कोई भी एक मार्केट कैप लगातार बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकता है। इसलिए निवेशकों को एसेट अलोकेशन के तहत सभी मार्केट कैप में निवेश करना चाहिए।

### डायवर्सिफिकेशन का फायदा

निवेश गुरुओं का कहना है कि आपके गुलदस्ते में हर तरह के फूल होने चाहिए। बस, इसी सिद्धांत पर मल्टीकैप फंड चलता है। उनका जोखिम और रिटर्न एक बाजार पर केंद्रित होने के बजाय पूरे बाजारा पूंजीकरण पर केंद्रित होता है। आप भी देखिए कि हर बाजार का रिटर्न अलग रहा है। सालाना आधार पर साल 2023 में निफ्टी 100 टीआरआई का रिटर्न 21 फीसदी रहा है जबकि निफ्टी मिडकैप 150 टीआरआई का रिटर्न 45 फीसदी रहा है। निफ्टी स्मॉलकैप 250 टीआरआई का भी रिटर्न 49 पर्सेंट रहा है। मल्टीकैप में एक जाना माना नाम एक्सिस म्यूचुअल फंड है। इस फंड ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक निवेशकों को लगातार बेहतर फायदा दिया है।

### मल्टी कैप फंड क्या हैं

मल्टी-कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में निवेश करती है। मल्टी-कैप फंड में, कुल एसेट का न्यूनतम 75% इक्विटी और इक्विटी से संबंधित इंस्ट्रूमेंट में इन्वेस्ट करना आवश्यक है। इसके अलावा, ये फंड लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में कम से कम 25% इन्वेस्ट करने की उम्मीद है।

### मल्टी कैप फंड कैसे काम करते हैं

मल्टी-कैप फंड में मार्केट कैपिटलाइज़ेशन में कंपनियों के स्टॉक में इन्वेस्ट करने की सुविधा होती है, जब तक वे ऊपर उल्लिखित 25% शर्तों को बनाए रखते हैं। हालांकि, प्रत्येक पूंजीकरण में निवे श का वितरण फंड मैनेजर की रणनीति पर निर्भर करता है। इक्विटी जोखिम भरा होता है, लेकिन उनके भीतर, जोखिम की मात्रा अलग-अलग होती है। व्यापक स्टॉक मार्केट के आधार पर, फंड मैनेजर रिटर्न को अधिकतम करने के लिए होल्डिंग को एडजस्ट कर सकता है।

### किस फंड हाउस का कितना रिटर्न

हम यहां मल्टीकैप के वैसे फंडों का जिक्र कर रहे हैं, जिन्होंने बीते एक साल में 50 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। इनमें एक्सिस के मल्टीकैप ने सर्वाधिक 56.02 फीसदी का रिटर्न दिया है। कोटक मल्टीकैप की स्कीम ने 52.83 फीसदी, एचएसबीसी की स्कीम ने 51.90 फीसदी और एलआईसी मल्टीकैप की स्कीम ने 51.37 फीसदी का रिटर्न दिया है। अगर किसी निवेशक ने इन फंडों में एक साल पहले एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो एक ही साल में वह रकम अब 1.56 लाख रुपये हो गई होती।

### कहां होता है निवेश

मल्टीकैप फंड लार्जकैप, मिडकैप,स्मॉलकैप और डायनॉमिक में 25-25 फीसदी का निवेश करता है। आपको पता ही होगा कि लार्जकैप फंड बड़ी कंपनियों में निवेश करता है। मिडकैप फंड मिडकैप कंपनियों के अवसरों को पकड़ता है, जबकि स्मॉलकैप उभरते हुए अवसरों में निवेश करता है। अगर एक्सिस म्यूचुअल फंड के मल्टीकैप की बात करें तो इसने सर्वाधिक निवेश वित्तीय सेवाओं, ऑटोमोबाइल और उसके कलपुर्जे, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, आईटी, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल में किया है। यह सभी ऐसे सेक्टर हैं जो बाजार के हर माहौल में निवेशकों को सुरक्षा देने के साथ साथ उनके निवेश पर अच्छा रिटर्न देते हैं।

## मल्टी-कैप फंड के प्रकार

### लार्ज-कैप-फोकस्ड फंड

इन फंड में, फंड मैनेजर लार्ज कैप फंड को अधिक वेटेज देता है जो समग्र पोर्टफोलियो को अधिक स्थिरता प्रदान करने की संभावना होती है। यह फंड मैनेजर को मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक के मिश्रण में शेष कॉर्पस को निवेश करने के लिए लीवे देता है, जिनमें अच्छे विकास के अवसर और रिटर्न प्रदान करने की क्षमता होती है।

### मिड-कैप स्मॉल-कैप फोकस्ड फंड

इन फंड में, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक के लिए वेटेज दिया जाता है। इस प्रकार, ये फंड मिड-कैप्स और स्मॉल कैप फंड से अधिक आक्रामक दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं, लार्ज-कैप स्टॉक से जोखिम भरा हो सकता है लेकिन बेहतर रिटर्न प्रदान करने की क्षमता रखते हैं।

### कोई विशिष्ट फोकस नहीं

इन प्रकार के मल्टी-कैप फंड प्रत्येक मार्केट कैप में आवश्यक न्यूनतम निवेश करने के अलावा किसी विशेष मार्केट कैप पर ध्यान नहीं केंद्रित करते हैं। लार्ज-कैप्स, मिड-कैप्स और स्मॉल-कैप्स के बीच का वेटेज फंड मैनेजर की स्ट्रेटेजी, स्टॉक वैल्यूएशन और मार्केट की कुल स्थितियों के आधार पर अलग-अलग हो सकता है।



# पीपीएफ में 15 की बजाय 20 साल तक करें निवेश मिलेगा बढ़िया लाभ

- फिर हर महीने 40 हजार रुपये होगी अर्निंग
- अकाउंट में 66 लाख बना रहेगा बैलेंस
- पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग्स स्कीम पब्लिक प्रोविडेंट फंड को मैच्योरिटी यानी 15 साल बाद एक्सटेंड करने की भी सुविधा है
- इस अकाउंट को एक बार में 5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है

मनी मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर बुढ़ापे में सिक्योर होना चाहते हैं तो पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग्स स्कीम पब्लिक प्रोविडेंट फंड को मैच्योरिटी यानी 15 साल बाद एक्सटेंड करने की भी सुविधा है। इस अकाउंट को एक बार में 5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है यानी आप इसे 5 साल-5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। इससे आपका अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप मौजूदा ब्याज दर पर 20 साल तक पीपीएफ अकाउंट को निवेश के साथ जारी रखते हैं तो इसके जरिए 66 लाख रुपये फंड जुटा सकते हैं। अगर आप चाहें तो 20 साल बाद यह 66 लाख पूरी तरह सुरक्षित रखते हुए इसी अकाउंट से आप मंथली 40 हजार रुपये या सालाना 4.73 लाख रुपये इनकम कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको इसकी पूरी जानकारी देंगे।

- एक वित्त वर्ष में मैक्सिमम डिपॉजिट : 1.50 लाख रुपये
- ब्याज दर : 7.1 फीसदी सालाना
- 15 साल में कुल जमा : 22,50,000 रुपये
- 15 साल बाद कुल फंड : 40,68,209 रुपये
- 20 साल में कुल जमा : 30,00,000 रुपये
- 20 साल बाद कुल फंड : 66,58,288 रुपये

### कैसे खुलेगा पीपीएफ अकाउंट

कैसे खुलेगा पीपीएफ अकाउंट कोई भी भारतीय नागरिक पोस्ट ऑफिस में यह अकाउंट अपने या अपने बच्चे के नाम पर खोल सकता है। इसके लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं. इसके लिए जरूरी डॉक्युमेंट ये हैं। किसी व्यक्ति की पहचान को सत्यापित करने वाले केवाईसी दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एड्रेस प्रूफ, नॉमिनी की घोषणा के लिए फॉर्म पासपोर्ट साइज फोटो की जरूरत होगी।

### एक्सटेंड करने पर कैसे मिलता है ब्याज

15 साल की मैच्योरिटी के बाद पीपीएफ को एक बार में 5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। 5 साल बाद फिर इसे 5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। अगर आप 15 साल की मैच्योरिटी के बाद निवेश किए स्कीम को एक्सटेंड करते हैं तो 15 साल बाद क्लोजिंग बैलेंस पर 7.1 फीसदी सालाना ब्याज मिलता रहेगा। वहीं अगर निवेश के साथ इसे एक्सटेंड करते हैं तो स्कीम में उसी तरह से ब्याज पर ब्याज जुड़ेगा, जैसे मैच्योरिटी के पहले। जब आप निवेश के साथ स्कीम को 5 साल के लिए एक्सटेंड करते हैं तो एक साल में 60 फीसदी तक रकम निकाल सकते हैं।

### पीपीएफ : 15+5 साल के लिए निवेश

पीपीएफ में मैच्योरिटी तक यानी 15 साल तक हर फाइनेंशियल ईयर में अधिकतम जमा करें तो मौजूदा ब्याज दर के हिसाब से कुल 40,68,209 रुपये का फंड जुटाया जा सकता है, लेकिन अगर इसे आगे 5 साल के लिए बढ़ाते हैं तो 20 साल बाद आपके पास करीब 66 लाख रुपये का फंड होगा। पीपीएफ अकाउंट को आप 15 साल के लिए एक बार में 5 साल- 5 साल के लिए बढ़ा सकते हैं। यानी निवेश जारी रखने के साथ 20 साल की बजाय 25 साल भी अकाउंट एक्सटेंड हो सकता है। 25 साल तक अकाउंट जारी रखने पर आपके पास 1 करोड़ रुपये का फंड होगा। इस क्लोजिंग बैलेंस पर अगले 5 साल आप हर महीने 60 हजार रुपये इनकम कर सकते हैं।

### 20 साल बाद ऐसे होगी मंथली इनकम

ऊपर कैलकुलेशन में साफ है कि पीपीएफ अकाउंट 5 साल के लिए एक्सटेंड करने पर आप करीब 66.50 लाख रुपये फंड बना सकते हैं। अगर आप इसके बाद बिना कुछ निवेश किए इस अकाउंट से मंथली इनकम चाहते हैं तो इसके लिए खास नियम है। यहां एक्सटेंड करने का ही नियम आपके काम आएगा। 20 साल बाद आपको फिर 5 साल के लिए यह अकाउंट एक्सटेंड करना होगा, लेकिन बिना कुछ निवेश किए। अगर आप स्कीम को बिना कुछ निवेश किए 5 साल के लिए एक्सटेंड किया है तो आपको क्लोजिंग बैलेंस पर सालाना ब्याज मिलेगा। वहीं हर साल एक बार आप पूरी रकम का कितना फीसदी भी निकाल सकते हैं। यह 100 फीसदी तक हो सकता है। यहां 66.58 लाख रुपये के क्लोजिंग बैलेंस पर 7.1 फीसदी सालाना ब्याज मिलेगा। यह एक साल में 4,72,738 रुपये होगा। आप एक साल में एक बार में इस पूरी ब्याज की रकम को निकाल सकते हैं। इसे 12 महीनों में बांट दें तो करीब 39,395 रुपये महीना होगा। वहीं इस निकासी पर कोई टैक्स भी नहीं लगेगा। खास बात यह है कि आपका 66.58 लाख रुपये का बैलेंस सुरक्षित बना रहेगा।

# एक साल में 65% से ज्यादा मुनाफा देने वाली म्यूचुअल फंड की स्कीम

- लॉन्ग टर्म एसआईपी रिटर्न में भी रही चैंपियन
- म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की तरह दे रही रिटर्न
- इन स्कीमों में निवेशकों ने कमाया बढ़िया मुनाफा
- छोटे से अमाउंट से भी बना दिया करोड़ों का फंड
- लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत

जानकारी
बिजनेस डेस्क

एक साल के लिए आप कहीं पैसा लगाएं और आपको 65 से 85 फीसदी रिटर्न मिल जाए। आप सोच रहे होंगे कि ऐसा तो स्टॉक मार्केट में ही पॉसिबल है, लेकिन अब म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की ही तरह रिटर्न देने लगी हैं। बाजार में ऐसे कई इक्विटी म्यूचुअल फंड हैं, जिनमें सिर्फ 1 साल में 65 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिल गया है। वहीं, इसका लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत है। तभी तो इन स्कीम ने 5 साल की एसआईपी का रिटर्न चेक करें तो ये चैंपियन साबित होती हैं। ऐसे फंडों में पैसा लगाने से निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिल सकता है और वे अपने छोटे से अमाउंट को को बढ़िया फंड में तबदील कर सकते हैं। हालांकि कहा भी गया है कि शेयर बाजार का रिटर्न रिस्क के अधीन होता है, लेकिन कुछ म्युचुअल फंडों ने बढ़िया रिटर्न देकर निवेशकों को रिझाया है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ फंड जो 1 साल का रिटर्न 65 फीसदी या इससे ज्यादा दे रहे हैं।

### इन फंडों का रिटर्न रहा बेहतर

**सीपीएसई ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 85.71%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 48.65%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 19,24,588 रुपये

**मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 72.56%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 42.86%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 16,89,128 रुपये

**एलआईसी एमएफ इंफ्रास्ट्रक्चर फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 68.39%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 39.01%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 15,46,959 रुपये

**बंधन इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 66.42%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 41.57%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 16,40,280 रुपये

**निप्पॉन इंडिया निफ्टी नेक्स्ट 50 जूनियर बीईएस एफओएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.35%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,94,003 रुपये



**आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.11%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.21%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 12,01,786 रुपये

**यूटीआई निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.09%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.22%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 12,01,860 रुपये

**एसबीआई निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.06%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.13%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,99,536 रुपये

**निप्पॉन इंडिया ईटीएफ निफ्टी नेक्स्ट 50 जूनियर बीईएस**
- 1 साल में रिटर्न : 66%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.08%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,98,042 रुपये

**डीएसपी निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 65.68%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 27.93%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,93,855 रुपये

### स्टॉक मार्केट से सेफ है म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं. इससे पोर्टफोलियो डायवर्सिफाइड हो जाता है।

### रिटर्न मिलने के चांस क्यों ज्यादा

म्युचुअल फंड में काबिल और अनुभवी फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले।

*(डिस्क्लेमर : किसी भी इक्विटी फंड में पुराना रिटर्न आगे भी जारी रहेगा या नहीं, इसकी गारंटी नहीं है। यह भविष्य में कायम भी रह सकता है और नहीं भी। बाजार में जोखिम होती है, इसलिए निवेश के पहले एक्सपर्ट की सलाह लें।)*

# सितंबर में एसआईपी के जरिये नई ऊंचाई पर पहुंचा निवेश



- एसआईपी एयूएम ने भी नाया नया रिकॉर्ड
- एएमएफआई की रिपोर्ट में दावा, सितंबर 2024 में 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुई -म्यूचुअल फंड फोलियो और रिटेल फोलियो भी नई ऊंचाई पर पहुंचे
- निवेशकों ने जमकर पैसा कमाया, आगे भी बढ़त जारी रहने के आसार
- म्यूचुअल फंड एसआईपी ने सितंबर 2024 में बनाया नया कीर्तिमान

जानकारी
बिजनेस डेस्क

बाजार में निवेश के लिए कई स्कीमें मौजूद हैं, जो लोगों को लुभाती रहती हैं। लेकिन एसआईपी के जरिये निवेश करना और लंबी अवधी के लिए किया गया निवेश कभी भी आपको रुसवा नहीं करता। लक्ष्य तय कर निवेश करने से कभी नुकसान नहीं होता। हालांकि निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता को भी देख लेना चाहिए। इस बार सितंबर माह को देखा जाए तो एसआईपी के जरिये किया गया निवेश नई ऊंचाई पर पहुंचा और निवेशकों ने बढ़िया रिटर्न बटोरा है। जानकारों को कहना है कि सितंबर में करीब 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुई हैं। जो बढ़िया रिटर्न दे सकती हैं। सितंबर 2024 में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने कई नए रिकॉर्ड बनाए हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) में कंट्रीब्यूशन और एयूएम (एसेट्स अंडर मैनेजमेंट) दोनों ही अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं।

### इसलिए सितंबर रहा खास

इसके अलावा सितंबर 2024 इसलिए भी खास रहा है कि इस साल इस माह में कुल मिलाकर 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुई, जो सभी ओपन-एंडेड कैटेगरी में थीं। इन स्कीम्स ने कुल 14,575 करोड़ रुपये जुटाए। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच लगातार पॉपुलर बने हुए हैं और लोग इन्हें बेहतर इन्वेस्टमेंट ऑप्शन के तौर पर बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि लंबे समय तक एसआईपी के जरिये किया गया निवेश बढ़िया मुनाफा दे सकता है, यदि धैर्य रखा जाए तो यह निवेश का एक बेहतर ऑप्शन है।



### सितंबर 2024 में एसआईपी कंट्रीब्यूशन और एयूएम का रिकॉर्ड

सितंबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, एसआईपी के जरिए निवेशकों ने 24,508.73 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। अगस्त 2024 में यह योगदान 23,547.34 करोड़ रुपये था, जिससे सितंबर में यह योगदान लगभग 4% बढ़ा है। इसके अलावा, एसआईपी एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) ने भी एक नया रिकॉर्ड बनाया और 13,81,703.94 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा, जो अगस्त 2024 में 13,38,944.73 करोड़ रुपये था। इस तरह से आंकड़े दर्शाते हैं कि एसआईपी के जरिये निवेश लोगों के लिए अहम और बढ़िया रिटर्न देने वाला साबित होते जा रहा है।

### म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की कुल संपत्ति

सितंबर 2024 में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का कुल नेट एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 67,09,259.24 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो अगस्त 2024 में 66,70,305.14 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, 43 महीनों से लगातार इक्विटी में सकारात्मक इनफ्लो देखने को मिल रहा है, जो मार्च 2021 से चला आ रहा है।

### म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के एसआईपी से जुड़े आंकड़े

- सितंबर में एसआईपी कंट्रीब्यूशनः 24,508.73 करोड़ रुपये
- सितंबर में एसआईपी एयूएम : 13,81,703.94 करोड़ रुपये
- सितंबर में एसआईपी अकाउंट्स की संख्याः 9,87,44,171 (अगस्त में 9,61,36,329 थी)
- सितंबर में नए एसआईपी रजिस्ट्रेशनः 66,38,857

### म्यूचुअल फंड फोलियो और रिटेल एयूएम

- सितंबर में म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्याः 21,05,15,684 (अब तक की सबसे ज्यादा)
- सितंबर में रिटेल एमएफ फोलियोः 16,81,61,366
- सितंबर में रिटेल एयूएम : 40,44,098 करोड़ रुपये

### म्यूचुअल फंड्स वेल्थ क्रिएशन का भरोसेमंद जरिया

जानकारों का कहना है कि सितंबर 2024 के आंकड़े म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की स्थिरता और बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं। एसआईपी के जरिए निवेशकों का लगातार निवेश करना यह दिखाता है कि म्यूचुअल फंड्स लंबी अवधि के लिए वेल्थ क्रिएशन का एक भरोसेमंद साधन बन गए हैं। कुल मिलाकर सितंबर का महीना म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए काफी बढ़िया रहा है। एसआईपी के जरिए निवेश में लोगों का भरोसा और बढ़ा है, और इंडस्ट्री ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। अगर आप भी म्यूचुअल फंड्स के जरिए अपने फाइनेंशियल टार्गेट हासिल करना चाहते हैं, तो एसआईपी के जरिये अनुशासित ढंग से लंबी अवधि के लिए निवेश की रणनीति पर अमल कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### डीजल चोरी मामले में चालक पर केस दर्ज

**सिरसा।** चुनावी ड्यूटी के दौरान बस से डीजल चोरी मामले में पुलिस ने एसपी के आदेशों के बाद चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में रोडवेज महाप्रबंधक ने बताया कि चुनावी ड्यूटी के दौरान दो बसें लैग मार्च के लिए 29 अगस्त को पुलिस लाइन में उपलब्ध करवाई गई थी। बस नं. एचआर-57जीवी-9892 जोकि पुलिस लाइन, सिरसा में चुनाव ड्यूटी के लिए चालक अजीत सिंह को नियुक्त किया गया था।

### सत्यनारायण भाटोल बने मजदूर यूनियन के प्रधान

**हांसी।** भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन का दूसरा जिला सम्मेलन शनिवार को हांसी के भगत सिंह पार्क में यूनियन के जिला प्रधान सत्यनारायण भाटोल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन में राजनीतिक व सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मांगपत्र प्रस्तुत करते हुए सत्यनारायण भाटोल ने कहा कि सरकार भवन निर्माण मजदूर की पंजीकरण व हितलाभ प्रक्रिया पर लगाई जा रही कठिन व नाजायज शर्तें लगाना बंद करें।

### बहुतकनीकी संस्थान में वर्ल्ड फूड डे मनाया

**मंडी आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के खाद्य तकनीकी विभाग में वर्ल्ड फूड डे मनाया गया 1 इस दौरान विभाग में पोस्टर मेकिंग व डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गई 1 डिबेट प्रतियोगिता का विषय 'फूड वर्सेस अनप्रोसैस्ड फूड' रहा, जिसमें ऋषभ राठौर, प्रीतम, अथर्व की टीम ने कंपटीशन में जीत हासिल की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानसी ने पाया। द्वितीय स्थान हिमांशु और सनी वर्मा ने व तृतीय स्थान रोशनी, मनीष दलाल व सपना ने लिया।

### स्केच बनाओ प्रतियोगिता में निशा ने मारी बाजी

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा ₹प्रसिद्ध महिला अर्थशास्त्री₹ विषय पर स्केच बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की उपप्राचार्या डॉ.एलिजा कुंडू ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों की कला को निखारा जा सकता है तथा छात्राएं भविष्य में इस तरह के स्कैच को अपने व्यवसाय के रूप में अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकती है।

### टोहाना तहसील कार्यालय से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना के तहसील कार्यालय से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव खनौरा निवासी तरसेम सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से टोहाना तहसील में आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को तहसील परिसर में खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया था तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला।

---

### नशे से मानव शरीर पर होने वाली हानियों के विषय में अवगत कराया

# महिला महाविद्यालय में चलाया नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. जयभगवान ने किया



फतेहाबाद। राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते वक्तागण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वाधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नशा मुक्ति और मादक पदार्थों के दुरूपयोग पर आधारित था। कार्यक्रम में युवाओं को नशा के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें द्रव्य मादक पदार्थों के द्वारा होने वाली मानव शरीर को हानि के विषय में अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. जयभगवान द्वारा किया गया। उन्होंने युवाओं को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया और अपने आस पास के युवा जो नशे की गिरफ्त में है उन्हें जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी हमारे देश का आने वाला भविष्य है इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है की नशे से दुरी बनाकर रखे और आस पास के युवाओं को भी जागरूक करे।

कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र की ओर से लेखा एवं कार्यक्रम सहायक पवन कुमार ने नेहरू युवा केंद्र की गतिविधियों के बारे में बताया तथा युवाओं को नशे व द्रव्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली हानि के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. ज्योति ने युवाओं को जागरूक करते हुए बताया कि नशा ने केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि हमारे परिवार और सामाजिक संबंधों को भी खत्म कर देता है। नशा करने वाले से परिवार के लोग घृणा करने लगते हैं और समाज में अपनी इज्जत खत्म कर देते हैं। नशा से हमारा मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है जोकि न की अपने बल्कि अपने परिवारजनों के लिए भी मुसीबत का कारण बन जाते हैं। उन्होंने बताया कि युवा के नशे में पडऩे का सबसे बड़ा कारण तनाव, अकेलापन और दोस्तों का दबाव होता है इसलिए युवाओं को इन स्थिति में अपने बुजुर्गों और अध्यापकों के साथ विचार विमर्श करना चाहिए। हमें तनाव में कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए जो भविष्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो। कार्यक्रम के दौरान डॉ. कपिल ने युवाओं को बताया कि आज के समय में संगत सबसे महत्वपूर्ण है की हम किन लोगों के साथ दोस्ती बना रहे हैं। नशा में व्यक्ति एक दूसरे को जबरदस्ती और दबाव बना कर व्यक्ति को नशे की तरफ अग्रसर करते हैं इसलिए हमें पहले ही ऐसे लोगों से सचेत रहना है। उन्होंने बताया कि नशा न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक हानि भी पहुंचाता है जिससे व्यक्ति अनेक मानसिक बीमारियों का शिकार हो जाता है। उन्होंने नशे से जुड़ी बीमारियों के विषय में भी विस्तार से बताया और एचआईवी जैसी भयानक बीमारी के विषय में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन में युवाओं को शपथ दिलाई कि वे अपने आप को नशे से दूर रखेंगे ।




भूना। गांव हसंगा में जागरुकता रैली निकालते विद्यार्थी।

### 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान को लेकर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने निकाली जन जागरुकता रैली

**भूना।** स्वच्छता ही सेवा अभियान और हमारा गौरव स्वच्छता हमारी पहचान कार्यक्रम के तहत शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसंगा के विद्यार्थियों के द्वारा स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई। अभियान का शुभारंभ विद्यालय के प्रिंसिपल सुभाष चंद्र द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी प्रधान संजय छिंपा ने की। प्रिंसिपल सुभाष चंद्र ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता जरूरी है, इसलिए हमें अपने आस-पास तथा रहने के परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने के साथ-साथ अपने विचारों को भी स्वच्छ बनाना होगा ताकि एक स्वच्छ व स्वस्थ भारत का निर्माण हो। गांव वासियों से छोटी-छोटी आदतें जैसे सडक़ों या सार्वजानिक स्थलों पर कूड़ा नहीं फेंकने, गंदगी को डस्टबीन में ही डालने आदि का ध्यान रखने की अपील की। प्रिंसिपल ने कहा कि स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी है, हम सभी को मिलकर अपने गांव को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाना है। इसको लेकर कई स्वच्छता गतिविधियां और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिसका उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना और हर नागरिक को इस मुहिम में शामिल करना है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने जन जागरूकता रैली के बाद सफाई अभियान चलाकर स्कूल वातावरण को साफ- सुथरा किया।



हिसार। श्री तिरुपति बालाजी धाम में ब्रह्मोत्सव के दौरान पूर्ण कोठी सवारी शोभा यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण।

# श्री तिरुपति धाम में सात दिवसीय ब्रह्मोत्सव शुरू

- समारोह में दक्षिण भारत के विद्वान अर्चकों व वाद्य यंत्र वादकों सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उत्तर भारतीय व दक्षिण भारतीय संस्कृति को जोड़ने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में सात दिवसीय ब्रह्मोत्सव पूरे विधि-विधान से शुरू हुआ। परम पद प्राप्त अनंत विभूषित जगदगुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी श्री देवनारायणाचार्य जी महाराज के परम कृपापात्र नवनियुक्त अभिनव उत्तराधिकारी अनंत विभूषित सर्वश्री स्वामी नारायणाचार्य महाराज के सान्निध्य में ब्रह्मोत्सव की शुरुआत हुई। ब्रह्मोत्सव के शुभारंभ समारोह में दक्षिण भारत के विद्वान अर्चकों व वाद्य यंत्र वादकों सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भगवान जी की विधिवत पूजा-अर्चना व मंत्रोच्चारण के उपरांत विष्वक्सेन के द्वारा मार्गावलोकन का विधान पूरा किया गया। इस दौरान पूर्ण कोठी की भव्य सवारी शोभा यात्रा भी निकाली गई। रथ पर शोभायमान पूर्ण कोठी को श्रद्धालुओं ने हाथ से खींचकर आस्था व्यक्त की। इस दौरान जय श्रीमन्ननारायण एवं श्री तिरुपति बालाजी की जय के उद्घोष से पूरा तिरुपति धाम परिसर गुंजायमान हो गया। श्री तिरुपति धाम में ब्रह्मोत्सव 24 अक्टूबर तक जारी रहेगा और प्रातः 7 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक उत्सव मनाया जाएगा। हर रोज प्रातः 8.30 बजे और सायं 7 बजे सवारी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 20 अक्टूबर को प्रातः गरुड़ जी की सवारी और सायं हनुमान जी की सवारी निकाली जाएगी। यहां दर्शन देने के उपरांत सवारी नई अनाज मंडी के लक्ष्मी नारायण मंदिर, नागोरी गेट स्थित श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर, ग्रीन पार्क स्थित श्री हनुमान मंदिर और मॉडल टाउन स्थित श्री संतोषी मंदिर में पहुंचेगी।

---

# पहले 3 साल के बालक में मारी टक्कर बाद में परिवार पर बोला डंडों से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना में एक युवक ने पहले 3 साल के बालक में टक्कर मारकर उसे घायल कर दिया और बाद में अपने परिवार को बुलाकर बालक के परिवार पर डंडों से हमला कर दिया। हमले में घायल बालक को जहां अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है वहीं एक दम्पति को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में टोहाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सुंदर नगर टोहाना निवासी मनीर ने कहा है कि वह पिकअप गाड़ी चलाता है। गत दिवस सुबह उसके भाई का 3 साल का पोता सोनू दुकान के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान कालोनी का ही चाहत उर्फ चीनू पुत्र बलदेव सिंह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया और बाईक को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए सोनू में टक्कर दे मारी, जिससे बालक बेहोश हो गया। इसके बाद उन्होंने बालक को उठाया और चीनू को बाईक तेज चलाने बारे पूछा तो वह उन्हें धमकाने लगा।। इसके बाद वह सोनू को इलाज के लिए ले गए। कुछ देर बाद चाहत उर्फ चीनू अपने पिता बलदेव, ताऊ अवतार, उसका लड़का मिड्डा व बीरमति पत्नी लीलाराम उसके घर के सामने आए और आते ही उसकी पत्नी मुकेश, भतीजे मनोज व उनके परिवार पर हमला कर दिया। जब वह भागकर आटा चक्की में घुसे तो इन लोगों ने वहां पहुंचकर उनके साथ डंडों से पिटाई की। जब आसपड़ोस के लोग इकट्ठा होने लगे तो उक्त लोग उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चले गए। हमले में घायल मनीर, उसकी पत्नी मुकेश व घायल बालक को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# राजकीय कॉलेज में सजाया मेहंदी व नेल आर्ट बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विद्यार्थियों को उनके व्यवसायिक विचारों को वास्तविकता में बदल पाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राजकीय नेशनल महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित उद्यमी बाजार शनिवार को संपन्न हो गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरविंद्र सिंह ने बताया कि महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मीत के संयोजन में आयोजित इस दो दिवसीय उद्यमी बाजार के समापन सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संदीप गोयल ने की। उद्यमी बाजार के अंतिम दिन मेहंदी व नेल आर्ट इत्यादि से संबंधित बाजार में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। उद्यमी बाजार में महाविद्यालय के महिला स्टाफ व छात्राओं ने मेहंदी लगवाने व नेल पेंट करवाने के साथ साथ संबंधित चीजों की खरीददारी भी की जिससे सहभागिता दर्ज करवाने वाले विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त हुआ।



सिरसा। कार्यक्रम के दौरान महिला स्टाफ व छात्राएं मेहंदी लगाती।

#### विद्यार्थियों को करेंगे प्रेरित

प्राचार्य डॉ. संदीप गोयल ने कहा विद्यार्थियों को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में ऐसे आयोजनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। गोयल ने कहा कि उद्यमी बाजार जैसे आयोजन विद्यार्थियों को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करते हैं जिनसे उनको व्यवसायिक कौशलता हासिल होती है। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मीत ने कहा कि उद्यमी बाजार जैसे आयोजन विद्यार्थियों के लिए आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका के अलावा उनमें नवाचार व रचनात्मकता की भावना को विकसित करने में मददगार साबित होते हैं। उद्यमी बाजारके दोनों दिन चाहत के निर्देशन में ज्योति, प्रतिष्ठा, रक्षा, विशाखा, मनप्रीत, गगन, बबिल, रमन, राकेश, अंकुश, सूरज के राबता बैंड ने लाइव म्यूजिक की शानदार प्रस्तुतियों से समय को बांधे रखा।

---

# सांस्कृतिक क्षेत्र में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक क्षेत्र में लहराया परचम। 16 और 18 अक्टूबर को बाल भवन फतेहाबाद में जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल रतिया से समूह एक में कक्षा 9 व 10वीं के विद्यार्थियों ने हरियाणवी सांस्कृतिक नृत्य में जिले से पंद्रह टीमों को पछाडक़र जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करके जोनल स्तर पर अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवाई। दूसरी तरफ समूह 2 में विद्यालय से कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने भाग लिया तथा सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। समूह एक में कक्षा 9 से 10वीं तक छात्रों में विद्यालय से जिया, काशवी, अदिति, सुहाना, गुन, दिव्यांशी, दीक्षा तथा हिमांशी ने प्रतिभा गीता दर्ज करते हुए हरियाणवी सांस्कृतिक नृत्य में प्रथम स्थान हासिल करके विद्यालय, अभिभावकों तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया। इन विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार की तरफ से बाल दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य लोकेश खुराना ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक क्षेत्र में भी बच्चों में अभिरुचियां पैदा करना अति आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधक बसंत लाल बत्रा, विद्यालय प्राचार्य लोकेश खुराना तथा विद्यालय चेयरपर्सन कनुप्रिया खुराना और उप प्राचार्य साक्षी बत्रा ने इन सभी बच्चों को प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय मंच पर सम्मानित किया।



सिरसा। श्री श्याम बगीची में वर वधु को आशीर्वाद देते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

# विद्यार्थियों ने किया हिमाचल प्रदेश का सर्वे

- प्रो. मनोज के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजगढ़ रोड पर स्थित गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग के एमएससी. भूगोल अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के डलहौजी शहर के दो गांव कंगथला व बरेरा गांव का सामाजिक-आर्थिक सर्वे किया। विद्यार्थियों ने पहाड़ी क्षेत्रों के दुर्गम स्थानों पर रहने वाले लोगों के रहन-सहन, खान-पान, शिक्षा स्तर, महिलाओं का स्वास्थ्य तथा उनकी आर्थिक स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसकी अतिरिक्त विद्यार्थियों ने वहां की जलवायु, भू आकृति, मिट्टी तथा जल स्त्रोतों के बारे में भी विस्तृत अध्ययन किया। यह सर्वेक्षण प्रो. मनोज कुमार की देखरेख में किया गया जिसमें नेहा ने सहयोग किया। प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि इस प्रकार के सर्वेक्षणों का उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर शोध की भावना का विकास करना व प्राथमिक आंकड़े एकत्रित करने का अनुभव करवाने के साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्र में रह रहे लोगों की जीवन की दशाओं से अवगत कराना था।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने विद्यार्थियों के द्वारा किए गए इस सर्वेक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि इस प्रकार के अध्ययन से ही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होता है और विद्यार्थी व्यक्तिगत अनुभव से विभिन्न परिस्थितियों में होने वाली घटनाओं का अध्ययन करते है। महाविद्यालय पहुंचने पर भूगोल विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र सेवदा, डॉ. बलवान सिंह, डॉ. सुरेंद्र चोपड़ा, डॉ सुरेंद्र कासनिया डॉ. प्रिया आदि ने विद्यार्थियों का स्वागत किया।



हिसार। डलहौजी में सामाजिक-आर्थिक सर्वे करके लौटे विद्यार्थी।

---

# शहीद बाबा दीप सिंह में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन अहरवां में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीएड के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुलविंदर सिंह ने प्रथम, जशदिल द्वितीय व कुलविंदर सिंह व वंदना तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर संस्था की चेयरपर्सन शरणजीत कौर ने कहा कि करवा चौथ का व्रत विशेष रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा रखा जाता है। इस दिन महिलाएं पूरा दिन निर्जला व्रत रखती हैं और चंद्रमा की पूजा करके अपने पति का चेहरा देख कर व्रत का समापन करती हैं। शिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता चौधरी ने कहा कि उत्तर भारत के हर प्रांत में इसे अलग अलग तरीके से मनाया जाता है।



हिसार। मेहंदी दिखाती शिक्षिकाएं।

### खालसा कॉलेज के पंजाबी विभाग ने किया कार्यक्रम

# रोजगार के अवसर पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय के पंजाबी विभाग द्वारा 'पंजाबी विषय में रोजगार के अवसर' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर जगमोहन सिंह, सहायक प्राध्यापक पंजाबी, बाबा फतेह सिंह जी राजकीय महाविद्यालय, असंध ने शिरकत की। प्राचार्य प्रो. प्रेम मेहता ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया तथा महाविद्यालय के पंजाबी विभाग का धन्यवाद दिया जो समय समय पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करवा कर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायता करता हैं।



रतिया। खालसा कॉलेज में मुख्य वक्ता का स्वागत करते प्राचार्य।

मुख्य वक्ता प्रो. जगमोहन सिंह ने अपने व्यक्तव्य में पंजाबी विषय में रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में बताया कि पंजाबी विषय में शिक्षक, लेखक, पत्रकार, अनुवादक, संपादक, पंजाबी भाषा और संस्कृति के शोधकर्ता, पंजाबी भाषा के प्रोफेसर, पंजाबी टीवी और रेडियो प्रस्तोता और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में अभिनय, निर्देशन, लेखन आदि के रूप में काम करने के अवसर हैं। इसके अलावा सरकारी नौकरी, पंजाबी भाषा के ऑनलाइन कोर्स बनाना, पंजाबी भाषा के लिए ऐप्स विकसित करना, पंजाबी भाषा में वेबसाइट्स बनाना और पंजाबी भाषा में सोशल मीडिया प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर हैं। कार्यक्रम के अंत में पंजाबी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह ने आए हुए मेहमान वक्ता का धन्यवाद करते हुए आश्वासन दिया कि आज के व्याख्यान से हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी भरपूर लाभ उठाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. सुमित्रा सांगवान, प्रो. वरुण कुमार, प्रो. सुरेंद्र, प्रो. सर्वजीत सिंह के साथ पंजाबी विषय के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### लकड़ांवाली में ट्यूबवेल की मोटर चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव लकड़ांवाली में चोर एक किसान के खेतों से हजारों रुपए की ट्यूबवेल की मोटर चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में जोगिंद्र सिंह ने बताया कि बीती17 अक्तूबर की शाम को वह काम खत्म कर घर आ गया। देर रात्रि को चोर खेतों में लगी ट्यूबवैल की मोटर चोरी कर ले गए। सुबह जब वह खेतों में गया था तो देखा कि मोटर गायब थी। अपने स्तर पर आसपास के किसानों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसपर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### ऑनलाइन पेमेंट के नाम पर ज्वेलर्स को चपत

**सिरसा।** रानियां के वार्ड नंबर 6 निवासी एक सुनार को ठग ऑनलाइन पेमेंट के नाम पर 22 हजार रुपए का चूना लगा गए। पुलिस को दी शिकायत में धर्मपाल ने बताया कि बीती 16 अक्तूबर की दोपहर को उसके पास एक युवक व महिला आए और लेडिज अंगूठी दिखाने को कहा। उसने 8-10 अंगूठी दिखाई। इस दौरान एक अंगूठी पसंद आने पर उन्होंने बिल बनाने को कहा। उसने बिल बनाकर दोनों को दे दिया और दोनों ने कहा कि वे पेमेंट ऑनलाइन कर देंगे। दोनों ने ऑनलाइन पेमेंट का मैसेज दिखाकर कहा कि पेमेंट हो गई है। इसके बाद दोनों अंगूठी लेकर चले गए। कुछ देर बाद उसने मोबाइल में चैक किया तो पेमेंट नहीं हुई थी और जो मैसेज दोनों ने डाला था वो फेक था।

### दुकान के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव मिठनपुरा में दुकान के बाहर खड़ा बाइक चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव मिठनपुरा निवासी विनोद ने बताया कि वह गांव में ही दुकान करता है। उसने बताया कि बीती 17 अक्तूबर की सुबह वह बाइक लेकर दुकान पर गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह काम पर लग गया। कुछ देर बाद बाइक संभाली तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### अडानी ग्रुप द्वारा नहरी खाल तोड़ने पर किसान भड़के

# किसानों के हंगामे के बाद कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी मौके से खिसके

- सिंचाई विभाग ने कंपनी को भेजा नोटिस, कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

रतिया रोड पर एक प्राइवेट स्कूल के सामने गेहूं भंडारण को लेकर अडानी ग्रुप द्वारा प्रस्तावित करीब 8 एकड़ भूमि में निर्माण कार्य के दौरान दूसरे किसानों के खेत में नहरी पानी सप्लाई के खाल पर चारदीवारी निकाले जाने की सूचना के बाद किसानों में रोष फैल गया। किसानों ने कहा कि अगर नहरी खाल पर चारदीवारी निकल जाएगी तो उनके खेतों में नहरी पानी कैसे पहुंच पाएगा। किसानों के विरोध के कारण कंपनी के कर्मचारी मौके से खिसक गए। कंपनी के खिलाफ किसानों ने शिकायत पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। किसानों के हंगामा की सूचना के बाद सिंचाई विभाग के उपमंडल अधिकारी श्याम ढींगडा ने कंपनी को नोटिस देकर जवाब तलब किया है और चारदीवारी का निर्माण कार्य न रोकने पर कानूनी कार्रवाई के लिए चेतावनी दी। कंपनी के मैनेजर को नोटिस मिलने के बाद हडक़ंप मच गया।


**भूना।** रतिया रोड पर नहरी खाल के बीचो-बीच चारदीवारी निर्माण के बाद रूका हुआ कार्य । फोटो : हरिभूमि

#### जेसीबी से उखाड़ दिए हरे पेड़, किसानों गुस्साएं

भूना से तीन किलोमीटर दूर रतिया रोड पर एक प्राइवेट स्कूल के सामने गेहूं भंडारण को लेकर लगभग 8 एकड़ में अडानी ग्रुप द्वारा स्टोरेज गोदाम बनाए जा रहे हैं। इस दौरान उपरोक्त जमीन से आगे के किसानों का नहरी पानी जो चक मोगा आउटलेट आरडी 6320 राइट नाढोड़ी सब माइनर के चक में पिछले 37 वर्षों से लग रहा था। उपरोक्त खाल पर कंपनी के कर्मचारियों ने चार दिवारी निकालना शुरू कर दी।

#### सूचना मिलते ही किसान रोकने के लिए पहुंचे

वहीं सडक़ के किनारे फॉरेस्ट विभाग द्वारा लगाए गए हरे पेड़ भी जेसीबी मशीन से उखाड़ दिए गए। नहरी खाल पर चारदीवारी बनाने की सूचना मिलने पर किसान जसबीर सिंह, जितेंद्र सिंह, विक्रमजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, रमनप्रीत सिंह, समरजीत सिंह आदि किसानों ने खूब हंगामा किया और खाल को तोड़े जाने को लेकर कंपनी के मैनेजर से सवाल जवाब किए, परंतु कंपनी के कर्मचारी किसानों के विरोध को देखकर मौके से खिसक गए। इसके बाद किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल सिंचाई विभाग के सनियाणा मंडल के अधिकारियों से मिला। किसानों की शिकायत मिलते ही सिंचाई उपमंडल सनियाना के जिलेदार एवं पटवारी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने पूरी मौके की रिपोर्ट उप मंडल अधिकारी को सौंपी। इसके बाद उप मंडल नहर अधिकारी एसडीओ श्याम ढींगड़ा ने एचएम एग्री लॉजिस्टिक लिमिटेड प्राइवेट कंपनी भूना के प्रबंधक कमाल खान को नोटिस देकर जवाब तलब किया है और नहरी खाल पर निर्माण किए जाने पर कानूनी कार्रवाई के लिए चेतावनी दी।

#### ये बोले अधिकारी

उप मंडल नहर एवं जल सेवाएं मंडल सनियाना के एसडीओ श्याम ढींगड़ा ने बताया कि रतिया रोड पर किसानों की शिकायत मिली थी।नहरी खाल की जगह पर चारदिवारी निकालने वाली संबंधित कंपनी के मैनेजर को महकमा नहर की मंजूरी बगैर नहरी खाल पर कोई निर्माण कार्य करना नहर अधिनियम 1974 के खिलाफ है। इसलिए नोटिस दिया गया है और काम बंद न करने की जरूरत पर कानूनी कार्रवाई अमल की जाएगी।


**फतेहाबाद।** प्रशिक्षण शिविर से लौटे रॉयल स्कूल खाराखेड़ी के एनसीसी कैड्ेट्स।

# कैडेट्स का शिविर में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव खाराखेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल के 22 एनसीसी कैडेट्स ने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 161 में भाग लिया।

यह शिविर द ई-5 स्कूल गढ़ी, हांसी में आयोजित किया गया। स्कूल की एनसीसी अधिकारी थर्ड ऑफिसर पूनम बिश्नोई ने बताया कि 3 हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग आफिसर कर्नल सुनील कटारिया के दिशा-निर्देशन में इस 10 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़ चढक़र भाग लिया। कैडेट्स को ड्रिल परेड, टेंट पिचिंग, वेपन हैंडलिंग, मंच संचालन, खो-खो, रस्साकसी, सांस्कृतिक गतिविधियों और स्किल डेवलपमेंट जैसी अनेक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। कैडेट्स ने इन प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 41 पदक हासिल किए जिनमें 19 स्वर्ण व 22 रजत पदक शामिल हैं। स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्सना, स्कूल प्रधानाचार्य ब्रिगेडियर बिनोद कुमार, सैनिक स्कूल कमांडेंट डॉ. कर्नल डीवी नेहरा, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य ने स्कूल पहुंचने पर सभी कैडेट्स का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

डॉ. ज्योत्सना ने कहा कि स्कूल के एनसीसी कैडेट्स समय-समय पर अपनी क्षमता का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल करते हैं। उन्होंने कैडेट्स को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# आरक्षण वर्गीकरण लागू होने पर सरकार और चेयरमैन का जताया आभार, लड्डू बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

हरियाणा सरकार के गठन के उपरान्त मंत्रीमंडल की पहली बैठक में ही सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण वर्गीकरण संबंधित फैसले को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया, जिसको लेकर हरियाणा के अनुसूचित जाति के लोगों में खुशी की लहर है। अनुसूचित जाति आरक्षण वर्गीकरण लागू होने पर गांव बलियाला में समाज के लोगों ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। समाज के युवाओं व बुजुर्गों ने एकत्रित होकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत हरियाणा सरकार व हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन प्रो.रविंद्र सिंह बलियाला का विशेष तौर पर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वंचित अनुसूचित जाति वर्ग की बहुत ही पुरानी मांग को हरियाणा मंत्रीमंडल की पहली बैठक में लागू करके हरियाणा सरकार ने साबित कर दिया कि भाजपा ही समाज के वंचित वर्ग का उत्थान कर सकती हैं। इस मौके पर मौजूद सोनी सिंह फौजी, सुखजीत सिंह, लवप्रीत सिंह, हरजिंद्र सिंह, गुरदित्त सिंह बब्बू बलियाला, बुग्गर सिंह, सुखदीप सिंह, बलजीत सिंह, जीवन सिंह आदि ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर रविन्द्र सिंह बलियाला का गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा।


**रतिया।** गांव बलियाला में आरक्षण वर्गीकरण लागू होने पर लड्डू बांटते समाज के लोग।

# शरद पूर्णिमा महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री सालासरधाम मंदिर में 16 अक्तूबर से आयोजित शरद पूर्णिमा महोत्सव का श्री सुंदरकांड पाठ के साथ समापन हुआ। श्री रामदूत सेवा मंडल फतेहाबाद के नंदपाल अग्रवाल की टीम ने संगीतयमी सुंदरकांड का पाठ किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और सस्वर श्री सुंदरकांड का पाठ किया। मंदिर में भक्ति का भाव ऐसे हिलौरे मार रहा था कि हरेक की आत्मा तर हो गई। श्रद्धालुओं ने ऐसा महसूस किया कि बालाजी महाराज साक्षात उनके आसपास विद्यमान है। लोगों का रोम-रोम खिल गया, परमानंद की ऐसी अनूभूति उन्होंने पहले कभी नहीं की थी। सालासर मंदिर प्रबंध कमेटी की ओर से मंदिर की विशेष रूप से साज सजावट की गई थी। बाहर से बुलाए कारीगरों ने पूरे मंदिर को फूलों से सजाया। मंदिर के भीतर और बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। इससे पर्व बालाजी की भव्य श्रृंगार आरती की गई, जिसकी पावन ज्योत आयकर अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने प्रज्वलित की। इसके पश्चात उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने शिवालय के नवनिर्मित रजतमयी दरवाजों का अनावरण किया। इसके पश्चात बालाजी महाराज का राजस्थानी भोजन प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। श्री सालासर धाम मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय शरद पूर्णिमा महोत्सव में दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचे।


**सिरसा।** श्री सालासर मंदिर में श्री सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# बाल भवन में बच्चों ने दी नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- सोलो डांस के द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ समूह और डैक्लामेशन के तृतीय व चतुर्थ समूह की प्रतियोगिताएं करवाई गई

बाल दिवस उपलक्ष्य में जिला बाल कल्याण परिषद सिरसा की ओर से उपायुक्त एवं प्रधान जिला बाल कल्याण परिषद सिरसा शांतनु शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में पांचवे चरण की प्रतियोगिताओं की राइटिंग के प्रथम व द्वितीय समूह क्लासिकल सोलो डांस के द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ समूह और डैक्लामेशन के तृतीय व चतुर्थ समूह की प्रतियोगिताएं करवाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि बाल कल्याण अधिकारी (मुख्यालय) सरोज बाला व उनके साथ मंडल बाल कल्याण अधिकारी कमलेश चाहर व जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्यातिथि ने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओ के लिए यहां पर बहुत ही सुव्यवस्थित तरीके से व्यवस्था की गई है, इसके लिए उन्होंने पूनम नागपाल व उनकी पूरी टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओ को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा की हार-जीत कोई मायने नहीं रखती, इस मंच तक पहुंचना ही अपने आप में विजेता है।बच्चों को समाज में नशे से दूर रहना चाहिए। लड़कियां निडर बनें ताकि वे अपनी रक्षा के लिए आत्म निर्भर बन सकें। इसके साथ ही उच्च शिक्षा प्राप्त करें और अपने लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत के साथ आगे बढ़े। इन प्रतियोगिताओं में जज की भूमिका हरीश सेठी, मानिका सचदेवा, सीमा गिल, विकम, मनवीर सिंह,मीनाक्षी सांगवान व अन्य मौजूद रहे।



**सिरसा।** सोलो डांस में भाग लेती प्रतिभागी छात्रा।

### श्री श्याम सेवा ट्रस्ट ने करवाई कन्या की शादी

**सिरसा।** श्री श्याम बगीची धाम की ओर से गरीब परिवारों की बेटियों की शादियां करने की अपनी परंपराओं का अनुसरण करते हुए बीते शुक्रवार को श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से निर्धन परिवार की बेटी की शादी धाम में ही की गई। इस सिलसिले में धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि हिंदु रीति रिवाजों के मुताबिक पंडित राकेश शास्त्री, हितेश शर्मा व ललित शर्मा द्वारा सामुहिक रूप से मंत्रोच्चार किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वर वधु पक्ष की ओर से आमंत्रित लोगों का अभिनंदन भी धाम की ओर से परंपरागत तौर पर किया गया। विदाई के समय धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने वर वधु को अपना आशीर्वाद भी दिया। उल्लेखनीय है कि श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से करवाई गई यह शादी छठी है। इससे पूर्व पांच बेटियों की शादी भी ट्रस्ट के माध्यम से करवाई जा चुकी है।

# सरकारी नौकरी लगने पर खिले युवाओं के चेहरे

- एचएसएससी में शांति निकेतन स्कूल के बच्चों का विभिन्न पदों पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

गांव ढिंगसरा स्थित शांति निकेतन स्कूल के प्रधानाचार्य रण सिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्रुप सी और ग्रुप सी के परिणामों में विद्यालय के छात्रों का फार्मासिस्ट, कनाल पटवारी सहित विभिन्न पोस्टों पर सिलेक्शन हुआ है। उन्होंने बताया कि बच्चों का हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग में सिलेक्शन होने पर बच्चों के अभिभावकों में खुशी का माहौल है और अभिभावकों ने स्कूल के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला का मिठाई खिलाकर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा सभी के जीवन में एक महान भूमिका निभाती है। जीवन में आगे बढऩे और सफलता पाने के लिए बेहतर शिक्षा बहुत आवश्यक है। शिक्षा व्यक्ति में आत्मविश्वास विकसित करती है और उसके व्यक्तित्व के निर्माण में मदद करती है। अच्छी नौकरी व पद पाने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा हमारे ज्ञान स्तर, तकनीकी कौशल और नौकरी में अच्छी स्थिति को बढ़ाकर हमें मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि यह हमारे स्कूल, गांव व क्षेत्र के लोगों के लिए बड़े ही हर्षोल्लास का विषय है कि हमारे विद्यालय के बच्चों का इतने अच्छे पदों पर चयन हुआ है। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार आगे भी जारी रहेगा।


**भट्टूकलां।** एचएसएससी में चयनित युवाओं के परिजनों को बधाई देते स्कूल प्रबंधक। फोटो : हरिभूमि


**फतेहाबाद।** एसबीआई पैंशनर्ज एसोसिएशन की बैठक में मौजूद सदस्य।

### एसबीआई पेंशनर्ज एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**फतेहाबाद।** एसबीआई पैंशनर्ज एसोसिएशन की त्रिमासिक बैठक का आयोजन अरोड़वंश धर्मशाला में किया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक तनेजा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एसबीआई की मुख्य शाखा के चीफ मैनेजर तरुण मिढ़ा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। एसोसिएशन के महासचिव अशोक बाघला ने मुख्य अतिथि व अन्य सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने एसोसिएशन के सदस्यों को बैंक में पेश आने वाली समस्याओं से मुख्य अतिथि को अवगत करवाया। मुख्य अतिथि ने एसोसिएशन के सदस्यों को एसबीआई द्वारा मौजूदा समय में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि एसोसिएशन के सदस्यों को बैंक में किसी भी प्रकार के कार्य में दिक्कत नहीं आने देंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन सदस्य जगदीश चंद्र मोंगा, हुक्मचंद सिंगला, बीआर मेहरा, भीमसैन बंसल, रमेश गिल्होत्रा, भारतभूषण भाटिया, उमेद सांगा, जगनाराम, मदनलाल, परमेश बुद्धिराजा, आर डी भूमरिया और हरभगवान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### स्वर्णकार धर्मशाला में महिलाओं ने रचाई मेहंदी

# विहिप ने सामूहिक मेहंदी कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विश्व हिन्दू परिषद फतेहाबाद की ओर से करवा चौथ पर महिलाओं के लिए सामूहिक मेहंदी लगाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धर्मशाला रोड स्थित स्वर्णकार धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर परिषद उपप्रधान सविता टुटेजा, डॉ. रमा बंसल, डॉ. मीनाक्षी बंसल, नीलम नारंग, पार्षद निलांशी शर्मा, कविता नारंग, सविता गोयल, राशि ललित आदि मौजूद पहुंची। कार्यक्रम में सैंकड़ों महिलाओं ने मेहंदी लगवाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि विहिप का यह कार्यक्रम काफी सराहनीय है। इससे हमें अपने त्यौहारों का महत्व पता चलता है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। अंत में अतिथियों को श्री राम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप के जिला अध्यक्ष संदीप टाटिया ने बताया कि भारत के पवित्र त्यौहार करवा चौथ पर शगुन की मेहंदी लगवाने का सामूहिक आयोजन किया गया। मेहंदी लगाने के लिए स्कूल/कॉलेज की बालिकाओं को बुलाया गया था। कार्यक्रम में आरएसएस नगर संचालक राहूल लोहिया ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारा जन्म भारत में हुआ।


**फतेहाबाद।** विश्व हिन्दू परिषद के कार्यक्रम में हाथों पर लगाई मेहंदी दिखाती महिलाएं।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विहिप के जिला मंत्री राज कुमार, मातृ शक्ति जिला संयोजिका अनिता वधवा, मातृ शक्ति जिला सहसंयोजिका ममता गर्ग व नगर अध्यक्ष हरीश वर्मा, संगीता गर्ग, अनु गर्ग, सुमन सोनी, प्रीति नारंग, वनीता आहूजा, राजेश पराशर, नरेश रूखाया, एडवोकेट विकास शर्मा,

### पराली प्रबंधन के लिए किसानों को जागरूक कर रही संस्था

**सिरसा।** एक्सपर्ट स्किल डेवलपमेंट संस्था द्वारा सिरसा जिला में फसल अवशेष प्रबंधन के तहत विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। एक्सपर्ट संस्था के निदेशक विनीत छाबड़ा ने बताया कि इस अभियान के तहत कृषि यंत्र साथी एप के माध्यम से किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन मुहिम के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की जा रही है। छाबड़ा ने बताया कि इन ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रमों में संस्था की ओर से किसानों को उचित फसल अवशेष प्रबंधन, मिट्टी की उर्वरक शक्ति बढ़ाने, आधुनिक कृषि उपकरणों के इस्तेमाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है वहीं मौके पर ही प्रगतिशील किसानों को जागरूकता किया गया।